न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (एस.डी.ओ) बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी—श्री यशार्थ शेखर, आई.ए.एस

क्रमांक रीडर/2025/7080 दिनांक – 29/08/2025

प्रार्थीगण **बनाम** **अप्रार्थीगण**

1 जेतीदेवी पत्नि पुरखाराम 2 प्रभूराम पुत्र पुरखाराम जाति जाट निवासी जाखडो की ढाणी सनावडा तहसील बाडमेर 3 मेहराराम पुत्र पुरखाराम निवासी माया का नाडिया, बाडमेर मगरा तहसील बाडमेर ग्रामीण 4 मोहनलाल पुत्र पूनमाराम जाति जाट निवासी जायडू तहसील रामसर जिला बाडमेर।

1 जेठाराम पुत्र गोमाराम जाति जाट निवासी जाखडो की ढाणी सनावडा तहसील बाडमेर 2 शम्भूसिंह पुत्र जुजारसिंह 3 हठेसिंह पुत्र मेघसिंह जाति राजपूत निवासी चूली तहसील बाडमेर 4 दुर्गाराम पुत्र लाभूराम जाति जाट निवासी माया का नाडिया , बाडमेर मगरा तहसील बाडमेर ग्रामीण 5 केसाराम 6 लूणाराम पिसरान वगताराम जाति जाट निवासी जाखडो की ढाणी सनावडा तहसील व जिला बाडमेर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, करने नेखमबन्दी बाबत

राजस्व आवेदन संख्या :–215/2025 दिनांक–

आदेश

<u>उपर्युक्त, प्रकरण मौजा माया का नाडिया हल्का बाडमेर मगरा तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बाडमेर के खसरा संख्या 3629/74 रकबा 0.6880 हैक्टयर व खसरा संख्या 3604/75 रकबा 0.4095 हैक्टयर, भूमि</u> के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाड़मेर ग्रामीण को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त नेखमबन्दी कार्रवाई करने से पूर्व प्रार्थी व अप्रार्थीगण को नोटिस/पत्र के जरिये सूचित करते हुए एक तिथि निश्चित (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्थरगढी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 04.08.1992 के मद्देनजर) कर पक्षकारान की उपस्थिति में नेखमबन्दी की जावे। कमीश्नर शुल्क रूपये 1500/– अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थी द्वारा मौके पर अदा किया जावेगा।

(यशार्थ शेखर)
उपखण्ड अधिकारी
बाड़मेर

क्रमांक :– रीडर/2025/7081-7084 29/08/2025

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. तहसीलदार बाड़मेर ग्रामीण पालना प्रस्तुत करावे तथा पत्र प्राप्ति की तिथि अवश्य अंकित करें।
2. पटवारी बाडमेर मगरा तहसील बाड़मेर को निर्देश है कि निर्धारित तिथि को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबन्दी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
3. प्रार्थीगण जेतीदेवी पत्नि पुरखाराम जाति जाट निवासी जाखडो की ढाणी सनावडा तहसील व जिला बाडमेर
4. विप्रार्थीगण जेठाराम पुत्र गोमाराम जाति जाट निवासी जाखडो की ढाणी सनावडा तहसील व जिला बाडमेर।

उपखण्ड अधिकारी
बाड़मेर

Signature Not Verified
Digitally signed by Yasharth Shekhar
Date: 2025.10.25 12:53:50 IST
Reason: SelfAttested